Innovation, Science and Economic Development Canada
Office of the Superintendent of Bankruptcy Canada

Innovation, Sciences et Développement économique Canada
Bureau du surintendant des faillites Canada

क्या ऋण में डूबे हुए हैं?

क्या एक नई शुरुवात के बारे में सोच रहे हैं?

दिवालियापन प्रक्रिया पर उपभोक्ताओं के लिये जानकारी

Canada

© हर मैजस्टी द क्वीन इन राइट ऑफ कॅनेडा,
जैसा कि उद्योग मंत्री व्दारा प्रतिनिधित्व किया गया, 2018
Cat. No. Iu76-9/2018Hi-PDF
ISBN 978-0-660-24113-5

Also available in English under the title *Consumed by debt? Considering a fresh start? Information for consumers on the insolvency process.*
Aussi offert en français sous le titre *Croulez-vous sous les dettes? Songez-vous à repartir à neuf? Information sur la procédure d'insolvabilité à l'intention des consommateurs.*



व्यक्तिगत वित्तीय संकट हो रहा है?

हम में से कुछ लोग अपने जीवन के दौरान व्यक्तिगत वित्तीय संकट का सामना करेंगे। हो सकता है कि पैसों की कुछ समस्याओं का समाधान हम स्वयं कर सकेंगे, परन्तु बाकी समय में हमें किसी पेशेवर की सहायता की आवश्यकता होती है। यह ऐसी समस्या हो सकती है जो समय के साथ अधिक खराब होती जाए। या वह नौकरी गंवाने, गंभीर बीमारी, विवाह-विच्छेद या अन्य प्रमुख जीवन-घटनाओं के कारण अचानक हो सकती है।

कारण जो भी हो, यदि आप अपने व्यक्तिगत बिल या ऋण का भुगतान नहीं कर सकते हैं तो आपके पास विकल्प हैं।

संकट के संकेतों को पहचानें

आपको ऋण की समस्या है या होने वाली है, यदि -

- आप लगातार अपनी खर्च की सीमा पार कर जाते हैं या अपने क्रैडिट कार्ड का उपयोग सुविधा के बदले आवश्यकता के रूप में करते हैं
- आप एक वेतन-दिवस से दूसरे तक गुजारा करने के लिये हमेशा पैसा उधार लेते रहते हैं
- आप मात्र ब्याज या सर्विस फी का माहवारी भुगतान करते हैं और कई महीनों तक अपने कुल ऋण को कम नहीं करते हैं
- लेनदार आप पर भुगतान के लिये दबाव डालते हैं, आपका वेतन जब्त करने का कानूनी आदेश प्राप्त कर लिया है, आप पर मुकदमा चलाने की या आपकी कार, फर्नीचर या टेलिविज़न जब्त करने की धमकी देते हैं, या उनकी ओर से पैसा वसूल करने के लिये एक कलैक्शन एजन्सी को नियुक्त करते हैं
- बिजली-पानी की उपभोक्ता कम्पनियों ने सेवाएं काट दी हैं क्योंकि आपके बिलों की भुगतान नहीं हुई है

लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी से सम्पर्क करें

लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी से मिलें और अपने सभी विकल्पों को जानें

यदि आप गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं तो आप किसी लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) से मिलना चाहेंगे। जब आप किसी ऐल.आई.टी. से मिलते हैं तब अपनी वित्तीय स्थिति के बारे में सारी जानकारी अपने साथ लेते जाएं - अपने क्रैडिट कार्ड के ब्योरे, बैंक के ब्योरे, मॉर्टगेज रिकॉर्ड्स, ऋण दस्तावेज, आदि। ऐल.आई.टी. आपके लिये उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के गुण और परिणाम आपको समझाएगा। साधारणतः ऐल.आई.टी. इस पहली बैठक के लिये कोई शुल्क नहीं लेते हैं।

ऐल.आई.टी. आपके और आपके लेनदारों के मध्य हितों का संतुलन दर्शाता है और वह कोर्ट का एक अधिकारी है। आपकी स्थिति के आंकलन में आपकी सहायता के अतिरिक्त ऐल.आई.टी. आपको प्रस्ताव और दिवालापन प्रक्रिया दोनों के बारे में जानकारी और सलाह देगा और आपके और साथ ही साथ लेनदारों के भी अधिकारों को सुनिश्चित करने में एक निष्पक्ष भूमिका निभाएगा।

लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी क्या है

एकमात्र लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) ही सरकार-नियंत्रित दिवालापन कार्यवाहियों को लागू करने के लिये अधिकृत है जो आपको आपके ऋण से मुक्ति-प्राप्ति की अनुमति देती हैं, जैसे कि उपभोक्ता प्रस्ताव या दिवालियापन।

जब आप ऐल.आई.टी. चुनते हैं, तो आप आश्वस्त हो सकते हैं कि आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम कर रहे हैं जिसने यह प्रमाणित किया है कि उसके पास ज्ञान, अनुभव और कौशल्य है जिसके आधार पर उसे दिवालियापन अधीक्षक के कार्यालय से लायसैन्स प्राप्त हुआ है।

एक ऐल.आई.टी. -

- उन उपभोक्ताओं के मामलों की समीक्षा करता है जिन्हें वित्तीय कठिनाइयां हों और उन्हें विकल्पों की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है
- आपकी ओर से लेनदारों का सामना करता है
- दुर्व्यवहार से उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करता है

अपने क्षेत्र में दिवाला ट्रस्टी ढूंढने के लिये -

- Canada.ca वैबसाइट पर उपलब्ध लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी का डेटाबेस ढूंढें।

ऋण सलाहकार कौन होते हैं?

ऋण सलाहकार आम तौर पर ग्राहक के प्रस्ताव या दिवालियापन दाखिल करने से पहले, दौरान या अंत में अपनी सेवाएं ऋणी को बेचते हैं। इसके विपरीत, गैर-लाभकारी क्रेडिट सलाहकार अक्सर अपनी सेवाओं की फीस नही लेते और वित्तीय सलाह के जरूरतमंदों को परामर्श देते हैं।

लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी और एक ऋण सलाहकार के बीच का अन्तर जानें

	लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी	ऋण सलाहकार
पहला परामर्ष निःशुल्क	✓	?
उपभोक्ता प्रस्ताव दर्ज कर सकता है	✓	✗
दिवालियापन दर्ज कर सकता है	✓	✗
संघीय लायसैन्स-प्राप्त	✓	✗
संघीय विनियमित	✓	✗
सरकार व्दारा मूल्यांकित अनुभव और शिक्षा	✓	✗
विनियमित फीस	✓	✗
औपचारिक शिकायत तंत्र	✓	?
दिवालियापन परामर्श कम निर्धारित दर पर, फैड्रल मापदंड का ।	✓	✗

उपभोक्ता प्रस्ताव और दिवालियापन प्रक्रिया को समझना

आपके वित्तीय संकट के विभिन्न संभावित समाधान हैं। यह खंड दिवालियापन अधीक्षक के कार्यालय (ओ.ऐस.बी.) व्दारा निरीक्षित दो औपचारिक समाधानों के बारे में जानकारी प्रदान करता है - उपभोक्ता प्रस्ताव और दिवालियापन, जो कॅनेडा के दिवालियापन और दिवाला अधिनियम के अन्तर्गत विधाई संरक्षण प्रदान करते हैं। दोनों समाधान इमानदार परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण व्यक्ति को अपने अधिकांश ऋणों से मुक्ति की अनुमति देता है।

उपभोक्ता प्रस्ताव

यदि आपके कुल ऋण 250,000 डॉलर (मॉर्टगेज सम्मिलित किए बिना) हैं तो उपभोक्ता प्रस्ताव आपके लिये सही विकल्प हो सकता है।

उपभोक्ता प्रस्ताव आपके लेनदारों को उनकी बकाया राशि का कुछ प्रतिशत देने या आपके ऋण के भुगतान के समय को बढ़ाने की या दोनों की एक योजना है।

इस विकल्प के साथ आप एक लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) को भुगतान करते हैं और फिर वह धनराशि आपके लेनदारों के बीच विभाजित की जाती है।

कानून के अन्तर्गत आप उपभोक्ता प्रस्ताव में निर्धारित भुगतान करने के लिये पांच वर्ष से अधिक समय नहीं ले सकते हैं।

उपभोक्ता प्रस्ताव क्यों दर्ज करें?

उपभोक्ता प्रस्ताव, दिवालियापन की घोषणा के बिना आपकी वित्तीय समस्याओं के समाधान में आपकी सहायता कर सकता है। दिवालियापन के विपरीत, यदि आपके लेनदार आपके प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं और जब तक आप अपने प्रस्ताव की शर्तों का पालन करते हैं, तब तक आप अपनी सम्पत्ति (उदाहरण के लिये कोई बचत या निवेश, आपकी कार, आपका घर, आदि) को सुरक्षित रखने में सक्षम होंगे।

आपके लेनदारों का आपके प्रस्ताव से सहमत होना आवश्यक है -

आपके प्रस्तावित करने की प्रक्रिया पर काम करने वाला ऐल.आई.टी. आपके साथ मिलकर प्रस्ताव विकसित करेगा जिसके लेनदारों व्दारा स्वीकृत होने की संभावना अधिक है। आपका ऐल.आई.टी. उस प्रस्ताव को ओ.ऐस.बी. को प्रस्तुत करेगा। ऐल.आई.टी. उस प्रस्ताव की प्रतिलिपि लेनदारों को भी देगा और साथ ही साथ आपकी व्यक्तिगत स्थिति की रिपोर्ट और आपकी वित्तीय समस्याओं के कारण की जानकारी भी उनको देगा।

आपके लेनदारों को आपके प्रस्ताव के स्वीकार या अस्वीकार करने के लिये 45 दिन दिये जाते हैं।

यदि आपका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है तो -

- आप ऐल.आई.टी. को एक बार में या समय समय पर किश्त में भुगतान करने के लिये और प्रस्ताव की अन्य शर्तों का पालन करने के लिये जिम्मेदार होंगे
- जब तक आप अपने सुरक्षित लेनदारों को अपना भुगतान करते रहेंगे तब तक आप अपनी सम्पत्तियां रखेंगे
- आपके लिये दो अनिवार्य परामर्श सत्रों में भाग लेना आवश्यक है, तथा
- यह प्रस्ताव आपके क्रैडिट रिकॉर्ड में इस प्रस्ताव की अवधि और उसके बाद तीन वर्ष के लिये बना रहेगा

यदि आपका प्रस्ताव अस्वीकृत होता है तो प्रस्ताव में बदलाव करने के लिये ऐल.आई.टी. आपके साथ मिलकर काम करेगा और उसे दुबारा प्रस्तुत करेगा। या आप अपनी वित्तीय समस्याओं के समाधान के लिये अन्य विकल्पों को देख सकेंगे जिनमें सम्मिलित है दिवालियापन दर्ज करना।

एक बार प्रस्ताव ओ.ऐस.बी. के साथ दर्ज कर दिया जाए तब आप अपने असुरक्षित ऋणों के लेनदारों को भुगतान करना बंद देते हैं। इसके अतिरिक्त यदि आपके लेनदार वेतन जब्त करने की प्रक्रिया का उपयोग कर रहे हैं या आपके विरुध्द मुकदमे दायर कर दिये हैं तो ये गतिविधियां रोक दी जाती हैं।

आपके प्रस्ताव की समस्यावधि के अन्त में और जहां तक आपने भुगतान की सभी मियादों और शर्तों का पालन किया है, आपको प्रस्ताव में सम्मिलित किये गये ऋणों से कानूनी रूप से मुक्त किया जाएगा।

ध्यान दें -

यदि आपके ऊपर 250,000 डॉलर से अधिक का ऋण है तो आपके पास एक अलग प्रकार के प्रस्ताव को दर्ज करने का विकल्प होता है जिसे “डिविज़न 1” प्रस्ताव कहते हैं। लेकिन उपभोक्ता प्रस्ताव के विपरीत यदि डिविज़न 1 प्रस्ताव आपके लेनदारों व्दारा स्वीकार नहीं किया जाता है तो आप अपनेआप ही दिवालिया हो जाते हैं।

दिवालियापन

दिवालियापन भी एक कानूनी प्रक्रिया है जो लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) के माध्यम से सुलभ है। जब आप अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा नहीं कर सकते हैं और अपनी ऋण समस्याओं का समाधान किसी अन्य तरीके से नहीं कर सकते हैं तब दिवालियापन एक अन्तिम उपाय के रूप में ही दर्ज करना चाहिये। यह समझना आवश्यक है कि दिवालियापन दर्ज के लिये आपको क्या करना होगा और साथ ही साथ उसके क्या प्रभाव आप पर पड़ेंगे।

ऐल.आई.टी. आवश्यक फॉर्म पूरे करने में आपकी सहायता करेगा। एक बार जब यह दर्ज हो जाए और ओ.ऐस.बी. में काम करने वाले आधिकारिक रिसीवर उसकी समीक्षा कर लें और दिवालियापन को स्वीकार कर लें तो औपचारिक रूप से आपको दिवालिया घोषित कर दिया जाएगा। उसके आगे ऐल.आई.टी. आपके लेनदारों के साथ सीधे सौदा करेगा। लेनदारों या कलैक्शन एजन्सियों के कॉल भी बन्द हो जाने चाहिये। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें अपने ऐल.आई.टी. से बात करने के लिये निर्देशित करें। ऐल.आई.टी. आपको अधिक जानकारी दे सकता है जो आपके विशिष्ट मामले पर लागू होती हो।

जब आप दिवालिया होने की घोषणा करते हैं तब आप दिवालियापन प्रक्रिया के दौरान ऐल.आई.टी. के साथ सहयोग और आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिये उत्तरदायी होते हैं।

जब आप दिवालिया हो जाते हैं तब ऐल.आई.टी. प्रान्तीय और प्रादेशिक कानून के अन्तर्गत छूट के अतिरिक्त आपकी सभी सम्पत्तियां, जैसे कि घरेलू सामान, कपड़े, और आपके व्यवसाय के उपकरणों पर कब्जा कर लेता है।

आपके व्दारा ऐल.आई.टी. को सौंपी गई सम्पत्तियां बेची जाएंगी और उस धनराशि का उपयोग लेनदारों और आपके दिवालियापन से सम्बन्धित फीस के भुगतान के लिये किया जाएगा।

अनिवार्य परामर्श

यदि आप दिवालियापन या उपभोक्ता प्रस्ताव दर्ज करते हैं तो आपको किसी योग्य परामर्शदाता या लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी के नेतृत्व में दो परामर्श सत्रों में भाग लेने की आवश्यकता होगी। ये सत्र आपको भविष्य में वित्तीय मामलों के प्रबन्धन में सहायता करेंगे।

फीस

उपभोक्ता प्रस्ताव या दिवालियापन दर्ज करने के लिये आपको फीस का भुगतान करना होगा। यह फीस मामले-दर-मामले के आधार पर भिन्न होती है और इसे संघीय सरकार व्दारा नियंत्रित किया जाता है।

दिवालियापन से मुक्ति को समझना

दिवालियापन से मुक्ति, दिवालियापन प्रक्रिया में अन्तिम कदम है। एक बार आपको दिवालियापन से मुक्ति मिल जाती है तब दिवालियापन घोषित करने के समय आपके जितने भी ऋण थे उनमें से अधिकतर का भुगतान करने की कानूनी जिम्मेदारी से आप मुक्त कर दिये जाएंगे। कुछ प्रकार के ऋण माफ नहीं किये जाएंगे जैसे कि ऐलिमनी, समर्थन भुगतान या कोर्ट व्दारा लगाए गए जुर्माने, दंड या क्षतिपूर्ति के आदेश।

आपकी स्थिति के आधार और सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) के साथ सहयोग पर निर्भर करते हुए मुक्ति प्राप्त करने में नौ नहीने या उससे अधिक समय लगेगा।

यदि आप प्रस्ताव दर्ज करते हैं या दिवालियापन घोषित करते हैं तो आपकी क्रैडिट रेटिंग का क्या होता है?

जब दिवालियापन या उपभोक्ता प्रस्ताव दर्ज किया जाता है तब क्रैडिट ब्यूरो को सूचित किया जाता है। उपभोक्ता प्रस्ताव आपके क्रैडिट रिकॉर्ड में आपके प्रस्ताव की अवधि तक और उसके बाद अतिरिक्त तीन वर्ष तक बना रहेगा। पहले दिवालियापन की जानकारी आमतौर पर आपके क्रैडिट रिकॉर्ड से आपके दिवालियापन से मुक्ति पाने के 6 या 7 वर्ष के बाद हटा दी जाती है इस पर निर्भर करते हुए कि आप किस प्रान्त में रहते हैं।

उपभोक्ता प्रस्ताव और दिवालियापन के रिकॉर्ड सार्वजनिक रहते हैं

जब आप प्रस्ताव दर्ज करते हैं या दिवालियापन की घोषणा करते हैं तब आपका नाम सार्वजनिक दिवालियापन और दिवाला रिकॉर्ड्स का हिस्सा बन जाता है। ये रिकॉर्ड उन सभी लोगों के लिये सुलभ हैं जो इस जानकारी के लिये अनुरोध करते हैं।

कभी कभी दिवालियापन से मुक्ति स्वचालित होती है

आपकी मुक्ति स्वचालित रूप से होती है या नहीं यह कई कारकों पर निर्भर करता है।

यदि यह आपका पहला दिवालियापन है तो नौ महीने के बाद आपको अपने दिवालियापन से अपनेआप ही मुक्ति मिल जाएगी जब तक कि -

1. आपकी मुक्ति का ऐल.आई.टी., या लेनदार या दिवालियापन अधीक्षक के कार्यालय (ओ.ऐस.बी.) व्दारा विरोध नहीं किया जाता है, और
2. आपने परामर्ष प्राप्त करने के लिये इन्कार या उपेक्षा नहीं की है, तथा
3. ओ.ऐस.बी. व्दारा स्थापित मानक के अनुसार आपको अपनी अतिरिक्त आय में से एक हिस्से का भुगतान करने की आवश्यकता ना हो तो। यदि आपको अतिरिक्त आय का भुगतान ऐल.आई.टी. को करना पड़े तो आप 21 महीने तक इस आय के आंशिक भुगतान के बाद आप स्वचालित मुक्ति के पात्र होंगे। यदि आप अपनेआप मुक्ति प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं तो आपको अदालत में मुक्ति की सुनवाई में सम्मिलित होना पड़ेगा।

दिवालियापन-सम्बन्धित मध्यस्तता

दिवालियापन से सम्बन्धित मध्यस्तता दिवालियापन घोषित करने वाले व्यक्ति और उसके ऐल.आई.टी. के बीच अतिरिक्त आय के भुगतान से सम्बन्धित विवाद के समाधान में सहायता के लिये उपलब्ध है। कुछ अन्य परिस्थितियों में भी मध्यस्तता उपलब्ध है यदि लेनदार मुक्ति का विरोध करता है तो। अधिक जानकारी के लिये Canada.ca वैबसाइट के माध्यम से ओ.ऐस.बी. देखें।

दिवालियापन के अधीक्षक के कार्यालय के बारे में

दिवालियापन के अधीक्षक का कार्यालय (ओ.ऐस.बी.) दिवालियापन और दिवाला अधिनियम के प्रशासन के लिये जिम्मेदार है, और साथ ही साथ कम्पनियों के लेनदारों की व्यवस्था अधिनियम के कुछ कर्तव्यों को पूरा करने के लिये भी। हम दिवालियापन पेशे को लायसैन्स देने और उसे विनियमित करने का काम करते हैं, एक कुशल और प्रभावी विनायक ढांचे को सुनिश्चित करते हैं, दिवाला की प्रक्रिया के साथ हितधारक अनुपालन की निगरानी करते हैं, और सार्वजनिक रिकॉर्ड और आंकड़े बनाए रखते हैं।

प्रश्न और शिकायतें

यदि प्रस्ताव, दिवालियापन प्रक्रिया और अन्य सम्बन्धित मामलों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं तो लायसैन्स-प्राप्त दिवाला ट्रस्टी (ऐल.आई.टी.) से बातचीत करें या ओ.ऐस.बी. से फोन से या Canada.ca वैबसाइट व्दारा सम्पर्क करें।

ओ.ऐस.बी., रिकॉर्डिंग, और जहां उपयुक्त हो वहां ऐल.आई.टी., लेनदार और कर्जदारों के विरुध्द शिकायतों की जांच के लिये भी जिम्मेदार है। शिकायत दर्ज करने के लिये आप ओ.ऐस.बी. से फोन या Canada.ca वैबसाइट व्दारा सम्पर्क कर सकते हैं।

1-877-376-9902
1-866-694-8389 (कमजोर सुनवाई के लिये)
(सुबह 8:30 से दोपहर 4:30, सोमवार से शुक्रवार)

Your Money Matters
के साथ Facebook और Twitter पर जुड़े रहें।

Office of Consumer Affairs
से अपने ऋण का प्रबंधन करने के लिए अधकि संसाधन और जानकारी प्राप्त करें।